# 4 आसान स्टेप्स में अपनी फिज़िकल सिम को eSIM में बदलें या Jio eSIM को एक डिवाइस से दूसरे iOS डिवाइस में ट्रांसफर करें

## कृपया ध्यान दें :

**1.** जिस Jio नंबर को आप eSIM में एक्टिवेट करना चाहते है उस नंबर पर SMS भेजने और इनकमिंग कॉल की सेवाएं होना अनिवार्य है। अपनी iOS डिवाइस पर eSIM को एक्टिवेट करने के लिए सभी 4 स्टेप्स को पूरा करना ज़रूरी है। कृपया किसी भी स्टेप को छोड़ें या टालें नहीं

**2.** यदि आप भारत से बाहर अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग में हैं, तो आपको eSIM अनुरोध के लिए +917021999199 पर SMS भेजना होगा। अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग में +917021999199 पर SMS भेजने के लिए, आपके Jio नंबर पर SMS भेजने और इनकमिंग कॉल सेवाएँ होनी अनिवार्य है । कृपया ध्यान दे, SMS और इनकमिंग कॉल का शुल्क विजिटिंग देश के रोमिंग चार्ज अनुसार लागू किया जाएगा ।

**स्टेप1**
SMS के माध्यम से eSIM रिक्वेस्ट शुरू करें

**स्टेप2**
SMS के माध्यम से अपनी सहमति दें

**स्टेप3**
IVR Call पर सहमति दे

**स्टेप4**
eSIM एक्टिवेट करने के लिए iOS डिवाइस पर डेटा प्लान इंस्टॉल करें

यदि आप eSIM को मौजूदा डिवाइस से नए iOS डिवाइस में ट्रांसफर करना चाहते हैं, तो आपके पास SMS के माध्यम से eSIM रिक्वेस्ट शुरू करने के लिए आपकी एक्टिव eSIM डिवाइस होनी चाहिए।


यदि आपके पास अपनी एक्टिव Jio eSIM डिवाइस नहीं है तो आप eSIM सेवाओं को एक्टिव करने के लिए नई iOS डिवाइस के साथ किसी भी पहचान के प्रमाण के साथ निकटतम Jio स्टोर पर जा सकते हैं

eSIM प्रक्रिया शुरू करने के लिए, कृपया सुनिश्चित करें कि आपके पास


1. एक eSIM कम्पैटिबल डिवाइस है
और
2. आपकी ईमेल आईडी आपके Jio नंबर के साथ रजिस्टर्ड है

# यह जांचने के लिए कि आपकी डिवाइस eSIM के साथ कम्पैटिबल है या नहीं


1. https://www.jio.com/en-in/esim पर जाएँ




2. अपनी डिवाइस का मेक एंड मॉडल चुनें




3. कम्पेटिबिलिटी स्टेटस देखें





अब जब आप जानते हैं, आपकी डिवाइस Jio eSIM के साथ कम्पैटिबल है, तो अगले स्टेप पर चलते हैं
कृपया ध्यान दें कि यदि आपकी डिवाइस कम्पैटिबल नहीं है, तो आप फिज़िकल Jio सिम का उपयोग कर सकते हैं

# आइए देखें कि आपकी ईमेल आईडी आपके Jio नंबर के साथ रजिस्टर्ड है या नहीं


1. मायJio ऐप खोलें





2. मेनू पर क्लिक करें





3. प्रोफाइल और सेटिंग्स पर टैप करें




4. प्रोफाइल पर टैप करें





5. ईमेल आईडी चेक करें




# यदि ईमेल आईडी रजिस्टर्ड नहीं है या गलत अपडेट की गयी है तो आप अपना सही ईमेल आईडी अपडेट कर सकते है सही ईमेल अपडेट करने के लिए


1. चेंज पर टैप करें





2. सही ईमेल आईडी दर्ज करें




3. नई ईमेल आईडी पर भेजा गया ओटीपी दर्ज करें और सबमिट करें




नई अपडेट की गयी ईमेल आईडी जांचे



चलिए अगले स्टेप पर चलते हैं

पहला स्टेप शुरू करने के लिए, आपके पास eSIM डिवाइस का EID नंबर और IMEI नंबर होना चाहिए, जिस पर आप अपनी Jio eSIM एक्टिव करना चाहते हैं।


हम आपको सुझाव देते हैं कि कृपया EID नंबर और IMEI नंबर लिख लें क्योंकि वे लंबे होते हैं और आपको इन्हे SMS के द्वारा भेजना होगा ।


# अपनी iOS डिवाइस पर EID नंबर और IMEI नंबर पता करने के लिए


1. सेटिंग्स में जाएं और जनरल पर टैप करें

2. अबाउट पर टैप करें, नीचे स्क्रॉल करें और आपको 32 अंकों का EID और 15 अंकों का IMEI नंबर दिखाई देगा

3. मोबाइल में दिख रहे, 32 अंकों का EID और 15 अंकों का IMEI नंबर लिखें







EID और IMEI नंबर लिखने के बाद, eSIM एक्टिवेशन शुरू करते हैं

कृपया ध्यान दें, आपको अपने डिवाइस पर eSIM को एक्टिव करने के लिए सभी स्टेप्स को पूरा करना अनिवार्य होगा। कृपया कोई भी स्टेप न छोड़ें।

और सुनिश्चित करें कि इस प्रक्रिया के दौरान आपकी eSIM iOS डिवाइस वाई-फाई या मोबाइल हॉटस्पॉट के ज़रिये इंटरनेट से जुडी है।




# स्टेप 1

1. अपने मोबाइल में मैसेज खोले

2. टाइप करें GETESIM <स्पेस><32 अंको का EID><स्पेस> <15 अंको का IMEI> और जिस Jio नंबर को आप eSIM में अपग्रेड करना चाहते हैं, उससे 199 पर SMS भेजें।


यदि आपको अपनी ईमेल आईडी अपडेट करने के लिए जवाब में SMS मिलता है, तो कृपया अपने जिओ नंबर अकाउंट में अपनी ईमेल आईडी अपडेट करें जैसा कि दिशा निर्देशों में शुरुआत में बताया गया है

**यदि आप भारत से बाहर अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग में हैं, तो आपको eSIM अनुरोध के लिए 199 के बजाय +917021999199 पर SMS भेजना होगा।**

**अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग में +917021999199 पर SMS भेजने के लिए, आपके Jio नंबर पर SMS भेजने और इनकमिंग कॉल सेवाएँ होनी अनिवार्य है ।**

**कृपया ध्यान दे, SMS और इनकमिंग कॉल का शुल्क विजिटिंग देश के रोमिंग चार्ज अनुसार लागू किया जाएगा ।**

नोटिफिकेशन




- सही EID और IMEI नंबर 199 पर भेजने पर, आपको हमारी तरफ से आपके Jio नंबर पर कन्फर्मेशन नोटिफिकेशन प्राप्त होंगे।

- यदि आपको सही EID और IMEI नंबर भेजने के लिए रिवर्ट SMS या ईमेल मिलता है, तो कृपया अपने द्वारा भेजे गए EID और IMEI को फिर से जांचे और पिछले स्टेप्स के दिशा निर्देशों अनुसार SMS को फिर से भेजें।


SMS 199 पर भेजें




नोटिफिकेशन




एक्टिवेशन कोड




# Step 2

1. अपने मोबाइल में मैसेज खोले

2. 1 टाइप करें और 199 पर भेजें

**यदि आप भारत से बाहर अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग में हैं, तो आपको 199 के बजाय +917021999199 पर SMS भेजना होगा।**


सही कंसेंट SMS भेजने पर, आपको iOS डिवाइस पर एक नोटिफिकेशन प्राप्त होगा जिसमें आपको बताया जाएगा कि Jio डेटा प्लान इंस्टाल के लिए तैयार है।

- यदि आपको यह नोटिफिकेशन नहीं मिलता हैं तो चिंता न करें, आपको हमारी तरफ से आपके Jio नंबर पर आपके eSIM एक्टिवेशन कोड की जानकारी SMS के जरिये प्राप्त होंगे।

अगर आप किसी भी कारण से अपना eSIM रिक्वेस्ट रद्द करना चाहते हैं तो

2 टाइप करें और 199 पर भेजें

# स्टेप 3




1. आपकी सहमति भेजने के 10 मिनट के अंदर, आपको अपने Jio नंबर पर +912235072222 से एक IVR कॉल प्राप्त होगी जिसमें आपके eSIM अनुरोध को प्रोसेस करने के लिए आपकी सहमति के बारे में पूछा जायेगा, आपकी सहमति देने के लिए कृपया IVR पर 1 दर्ज करे।

2. IVR पर आपकी सहमति सफलतापूर्वक देने के बाद, आपको एक कन्फर्मेशन SMS और ईमेल भेजा जाएगा।


यदि आपने IVR कॉल मिस कर दिया है या आपकी सहमति देने से पहले कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया हो, तो चिंता न करें, आप SMS के द्वारा अपने जिओ नंबर से IVR कॉल के लिए रिक्वेस्ट कर सकते है

टाइप RECALL और 199 पर अपने जिओ नंबर से SMS भेजे

यदि आपको कंसेंट SMS भेजने के 10 मिनट के अंदर IVR कॉल नहीं मिलती, तो हमारा सुझाव है कि आप अपनी मिस्ड कॉल सूची की जांच करें क्योंकि ऐसा हो सकता है की आपने कॉल का जवाब यह सोचकर ना दिया हो कि यह एक स्पेम कॉल है । कृपया जांचें की आपने कोई फोन डायलर या किसी थर्ड पार्टी ऐप्स के माध्यम से आपने कॉल ब्लॉकिंग चालू नहीं किया हो ।

IVR कॉल पर सहमति देने के बाद, आपके eSIM अनुरोध को प्रोसेस करने में २ घंटे का समय लगता है, तब तक आपको प्रतीक्षा करनी होगी

कृपया ध्यान दे की इस समय अंतराल में आप अपने Jio नंबर की सभी सेवाओं को अपने मौजूदा सिम पर उपयोग कर पायेंगे




जैसे ही आपको यह SMS मिलेगा, आपकी फिज़िकल सिम काम करना बंद कर देगी और आपका फोन 'नो नेटवर्क' दिखाएगा।

अब आप अपने नए eSIM को एक्टिव करने से केवल एक कदम दूर हैं।

कृपया सुनिश्चित करें कि इस प्रक्रिया के दौरान आपकी iOS डिवाइस वाई-फाई या मोबाइल हॉटस्पॉट द्वारा इंटरनेट से जुडी है।

एक्टिवेशन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए, आपको अपनी iOS डिवाइस पर एक डेटा प्लान इनस्टॉल करना होगा।

# स्टेप 4 - विकल्प 1


1. अपनी iOS डिवाइस पर 'Jio डेटा प्लान रेडी टू बी इन्सटाल्ड' नोटिफिकेशन पर टैप करें।




2. इंस्टाल डेटा प्लान पर क्लिक करें





3. कंटीन्यू पर टैप करें





The images shown here are for illustrative purposes only and may change with updates to the device operating software

कृपया प्रतीक्षा करें जब तक कि चयनित डेटा प्लान इनस्टॉल हो रहा है, इसमें कुछ क्षण लगेंगे




आपकी Jio eSIM सफलतापूर्वक एक्टिव हो जाएगी और मोबाइल डेटा में दिखाई देगा




अब आप अपनी iOS डिवाइस पर वॉयस और डेटा सेवाओं का उपयोग शुरू कर सकते हैं

# स्टेप 4 - विकल्प 2

यदि आपको प्रोफ़ाइल कॉन्फ़िगरेशन के लिए नोटिफिकेशन नहीं मिला है या आपने इसे डिलीट कर दिया है, तो चिंता न करें, आप इसे अपने डिवाइस के सेटिंग विकल्प से कर सकते हैं


1. सेटिंग्स खोलें





2. मोबाइल डेटा चुनें





3. ऐड डेटा प्लान/ ऐड eSIM पर टैप करें




4. Jio का चयन करें




5. ऐड डेटा प्लान का चयन करें





The images shown here are for illustrative purposes only and may change with updates to the device operating software


कृपया प्रतीक्षा करें जब तक कि चयनित डेटा प्लान इनस्टॉल हो रहा है, इसमें कुछ क्षण लगेंगे





कंटीन्यू पर टैप करें




आपकी Jio eSIM सफलतापूर्वक एक्टिव हो जाएगी और मोबाइल डेटा में दिखाई देगा





अब आप अपनी iOS डिवाइस पर वॉयस और डेटा सेवाओं का उपयोग शुरू कर सकते हैं




eSIM प्रोफाइल एक्टिवेशन में किसी भी सहायता के लिए, कृपया हमें किसी भी Jio नंबर से 199 पर कॉल करें या नॉन Jio नंबर से 18008899999 पर कॉल करें।

**कृपया ध्यान दें:**

**रेग्युलेटरी गाइडलाइन्स के अनुसार eSIM अपग्रेड के बाद 24 घंटे तक आपके Jio नंबर पर SMS सेवायें उपलब्ध नहीं होंगी**




# महत्वपूर्ण जानकारी

कृपया सुनिश्चित करें कि आप कभी भी "रिमूव डेटा प्लान" को ना चुनें क्योंकि यह आपकी डिवाइस से eSIM प्रोफ़ाइल को हमेशा के लिए हटा देगा और Jio eSIM की सभी सेवाएं काम करना बंद कर देंगी।

यदि आपने अनजाने में डेटा प्लान हटा दिया है तो कृपया एक नई eSIM रिक्वेस्ट के लिए अपने पहचान के प्रमाण के साथ निकटतम Jio स्टोर पर जाएँ।
हमें खेद है, इस स्थिति में SMS प्रक्रिया का उपयोग करके नए eSIM को एक्टिवेशन करना संभव नहीं होगा।

# धन्यवाद!